भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2663
दिनांक 04 अगस्त, 2026 / 13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त विदेशी नागरिक

2663. श्री रामवीर सिंह बिधुड़ीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले कई विदेशी नागरिक मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में संलिप्त हैं;

(ख) क्या दक्षिण दिल्ली के खानपुर एक्सटेंशन, देवली, संगम विहार, महरौली, हौज रानी तथा पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर और आसपास के क्षेत्रों जैसे इलाकों में नाइजीरियाई मूल के लोगों सहित विदेशी नागरिकों को नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए पकड़ा गया है;

(ग) यदि हां, तो विगत दो वर्षों के दौरान पुलिस द्वारा पकड़े गए ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उनके पास से जब्त किए गए मादक पदार्थों का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य सहित ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ऐसे कई विदेशी नागरिक मकान मालिकों द्वारा विधिवत किराएदार सत्यापन कराए बिना किराए के मकानों में रह रहे हैं;

(ङ) यदि हां, तो ऐसे मकान मालिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) क्या सरकार का राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे इन विदेशी नागरिकों की पहचान करने के लिए कोई विशेष अभियान चलाने का विचार है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क), (ख) एवं (ग): दिल्ली पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024 से 2026 (30.06.2026 तक) की अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से संबंधित मामलों में 254 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों (खानपुर एक्सटेंशन, देवली, संगम विहार, महरौली, हौज रानी, उत्तम नगर तथा पश्चिम दिल्ली और आसपास) से पकड़े गए विदेशी नागरिकों, जिनमें नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल हैं, के कब्जे से बरामद मादक पदार्थों तथा उनकी अनुमानित कीमत का विवरण अनुलग्नक–क में दिया गया है।

(घ), (ङ) एवं (च): वर्ष 2024 से 2026 (30.06.2026 तक) की अवधि के दौरान 103 विदेशी नागरिक किराए के मकानों में मकान मालिकों द्वारा अनिवार्य किरायेदार सत्यापन कराए बिना रहते हुए पाए गए। इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने 63 मकान मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की है। दिल्ली में रहने वाले किरायेदारों, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, का पुलिस द्वारा सत्यापन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और दिल्ली में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा इसे नियमित रूप से किया जाता है।

****

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2663, दिनांक 04.08.2026

अनुलग्नक– क

दिल्ली के विशिष्ट क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में पकड़े गए विदेशी नागरिकों (नाइजीरियाई नागरिकों सहित), बरामद मादक पदार्थ एवं उनकी अनुमानित कीमत का वर्षवार विवरण

वर्ष	पकड़े गए विदेशी नागरिकों की संख्या (नाइजीरियाई सहित)	बरामद मादक पदार्थ	बरामद मादक पदार्थों का अनुमानित मूल्य
2024	40	हेरोइन – 1100.34 ग्राम एम्फेटामाइन – 2.4445 किलोग्राम कोकीन – 55.9 ग्राम चरस – 339 ग्राम एमडीएमए (MDMA) – 52.88 ग्राम	₹12,75,63,140/-
2025	35	हेरोइन – 269 ग्राम एम्फेटामाइन – 409.19 ग्राम कोकीन – 1432.86 ग्राम एमडीएमए (MDMA) – 379 ग्राम गांजा – 7.276 किलोग्राम संदिग्ध टैबलेट – 100 व्हाइट अमूल लस्सी– 250 मिलीलीटर स्मैक – 50.81 ग्राम मेथ – 709 ग्राम एक्स्टेसी – 374.53 ग्राम	₹14,27,16,300/-
2026 (30.06.2026 तक)	15	हेरोइन – 330.68 ग्राम एम्फेटामाइन – 162.1 ग्राम कोकीन – 1214.68 ग्राम एमडीएमए (MDMA) – 136.16 ग्राम	₹13,50,42,500/-